मिलता है सचा सुख केवल

मिलता है सचा सुख केवल माँ शारदे तेरे चरणों में
करे विनती यही हर सास मेरी रेह जाए तुम्हारे चरणों में

चाहे बंद मुझे हर द्वार मिले चाहे दुश्मन ये संसार बने,
चाहे मौत गले का हार बने रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में

चाहे दुःख ज्वाला में जलना हो चाहे काँटों पे मुझे चलना हो
चाहे तोड के रिश्ते निकलना हो रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में

चाहे साथ न दे कोई मेरा तो चाहे संकट ने मुझे घेरा हो
मेरे मुख नैनो में तेरा हो रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में

चाहे सुबह हो या शाम रहे सदा गुंजित माँ तेरा नाम रहे
तेरी भगती को वरदान मिले रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19760/title/milta-hai-sacha-sukh-kewal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |